## 25 लाख रुपए का गबन करने वाला कर्मचारी पुलिस के हत्थे चढ़ा



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** पालरा स्थित गोदाम में काम करने वाले एक युवक ने 25 लाख रुपए का गबन किया है। युवक दस साल से यहा पर काम कर रहा था। गोदाम मालिक ने जब स्टॉक की जांच की तो मामला उजागर हुआ। उन्होंने आदर्शनगर थाने में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसे बुधवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया जाएगा। थाने के हैड कांस्टेबल श्रीकिशन ने बताया कि धोला भाटा निवासी आशीष वर्मा पालरा स्थित गोदाम में पिछले दस साल से काम कर रहा था। गोदाम मालिक अखिलेश जैन ने पुलिस को बताया कि आशीष दस साल से उसके यहां पर काम कर रहा था। इस दौरान उसने धीरे-धीरे 25 लाख रुपये का गबन कर लिया। गोदाम का स्टॉक कम पाए जाने पर जांच के दौरान सामने आया कि आशीष ने बड़ी चालाकी से गोदाम वित्तीय रिकॉर्ड में हेरफेर करके यह लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। जैसे ही आरोपी कार्यवाही की भनक लगी तो उसने काम पर आना बंद कर दिया। मामला सामने आने के बाद जैन की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी आशीष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस गबन में आशिष के साथ और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** आदर्शनगर थाना पुलिस ने बुधवार को मोबाइल टावर से कीमती उपकरण चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके साथ दो अन्य फरार आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। जांच अधिकारी एएसआई भूरी सिंह ने बताया कि पालरा गांव में एक नीजी कंपनी का मोबाइल टावर लगा हुआ है। 27 अक्टूबर को इस मोबाइल टावर से किमती उपकरण चोरी हो गए थे। टावर मालिक हिम्मत सिंह ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था। पुलिस जांच में सामने आया कि दिल्ली क्राइम ब्रांच ने कुछ संदिग्ध लोगों को गिरफ्तार किया था। दिल्ली क्राइम ब्रांच की पूछताछ में आरोपियों ने अजमेर के पालरा गांव से मोबाइल टावर से किमती उपकरण चोरी की वारदात को कबूल किया था। इनकी निशान देही पर सामने आया कि आरोपियों में एक बदमाश अजमेर के केंद्रीय कारागृह में बंद है। मंगलवार शाम को उसकी जैसे ही जमानत हुई पुलिस ने जेल के बाहर से उसे गिरफ्तार कर लिया। सिंह ने बताया कि आरोपी युवक गुरदीप सिंह साउथ दिल्ली निजामुद्दीन का रहने वाला है। गुरदीप ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि इस वारदात में दो अन्य युवक भी शामिल है। पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस को फिलहाल आरोपी युवक के कब्जे से किमती उपकरण बरामद नहीं हुए है।

## पत्रकार के कार्यालय को जलाने वालों पर हो कार्रवाई



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** निकटवर्ती ग्राम देहराठू में महिला पत्रकार के कर्यालय को जलाने की घटना पर जिले के पत्रकारों ने रोष व्यक्त करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच को लेकर पुलिस अधीक्षक से पत्रकारों के शिष्टमंडल ने मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। अजमेर प्रेस क्लब, मीडिया क्लब अजमेर के बैनर तले पीड़ित पत्रकार विमला वैष्णव ने पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा से मुलाकात की और घटना की जानकारी दी। एसपी वंदिता राणा ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए मामले की निष्पक्ष जांच के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रेस क्लब के अध्यक्ष मनोज दाधीच, सचिव नवाब हिदायतउल्ला, मीडिया क्लब के अध्यक्ष अभिजीत दवे, पत्रकार आनंद शर्मा सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## महिला के गले पर मारा झपट्टा, चेन तोड़ फरार हुए शातिर

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में वैशाली नगर चौधरी कॉलोनी निवासी महिला के गले पर झपट्टा मार दो शातिर बाइक सवार युवकों ने चेन स्नेचिंग की वारदात अंजाम दी। शहर में चेन स्नेचिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। पीड़ित महिला ने थाने में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर मित्र नगर रांतीडांग निवासी गीता मिश्रा ने थाने में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ चेन स्नेचिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़िता गीता मिश्रा ने बताया कि उनके घर में बेटी की शादी है, जिसके चलते बुधवार होने के कारण आगरा गेट स्थित गणेश मंदिर में गणेशजी को न्यौता देने गए थे, जब वापस घर लौट रहे थे, तभी चौधरी कॉलोनी के कट के पास बाइक सवार युवकों ने गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़ कर फरार हो गए।

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर पार्षद व वार्डवासियों ने किया प्रदर्शन

### कलक्टर, निगम आयुक्त से काम के जांच की मांग

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या 36 के विज्ञान नगर, पंचवटी कॉलोनी, सेठी कॉलोनी सहित क्षेत्र की अन्य कॉलोनियों में डाली गई सीवरेज व पाइपप लाइन के बाद बनाई जा रही घटिया सड़क निर्माण को लेकर पार्षद व वार्डवासियों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद व क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री से सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य रुकवाया और कलेक्टर व निगम आयुक्त से सड़क निर्माण कार्य की जांच करवा कर उचित मापदंडों के अनुरूप सड़क निर्माण की मांग की।

अजमेर नगर निगम के वार्ड संख्या 36 के भाजपा पार्षद पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में बुधवार को वार्ड में बन रही घटिया क्वालिटी की डामर सड़क निर्माण को लेकर जिला, निगम



प्रशासन व ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पार्षद पृथ्वी सिंह सहित क्षेत्रवासियों ने बताया कि वार्ड की विज्ञान नगर, पंचवटी व सेटी नगर कॉलोनियों में पिछले डेढ़ वर्ष से सीवरेज लाइन का काम चल रहा है, जिसके चलते सड़क व नालियां क्षतिग्रस्त होने से सभी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवरेज लाइन के काम के बाद ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया, लेकिन सड़क निर्माण कार्य तय मापदंडों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। बुधवार सुबह जब सड़क निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार और उसके कर्मचारी पहुंचे तो उन्हें क्षेत्रवासियों ने लौटा दिया। उन्होंने जिला व निगम प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि ठेकेदार अपनी मर्जी के मुताबिक कार्य कर रहा है, दो दिन पहले बना हुआ रोड ही जगह जगह से उखड़ गया है। पार्षद सिंह ने कहा कि मामले को लेकर जांच के लिए कलेक्टर व निगम आयुक्त को शिकायत दी गई है, लेकिन अभी तक संज्ञान नहीं लिया गया है, कोई जांच की कार्यवाही नहीं हुई है, जिससे क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

## फांसी के फंदे पर झूला युवक

### मां ने दो लड़कों पर परेशान करने का लगाया आरोप

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने देर रात फांसी का फंदा लगाकार अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक के फंदे पर झूलने पर घर में हड़कंप मच गया। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जेएलएन



अस्पताल से पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। मृतक की मां ने दो लड़कों पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

कोतवाली थाने के एएसआई सुखपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक उमेश जोकि मित्तल मॉल में रेडीमेट शॉप में काम करता है। मंगलवार देर रात घर पहुंचने के बाद युवक ने खाना खाया और कमरे में सोने चला गया। बुधवार सुबह जब उसकी मां जगाने पहुंची तो युवक का शव फंदे पर लटका हुआ था। युवक के फंदे पर लटकने मिलने पर घर में हड़कंप मच गया। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जेएलएन अस्पताल से युवक का पोस्टमार्टम करा शव परिजन के सुपुर्द कर दिया।

एएसआई सुखपाल ने बताया कि मृतक युवक की मां ने दो युवकों वेद भारद्वाज और राहुल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है,जिसमें दोनों युवकों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस घर की तलाश लेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## महाविद्यालय की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फर्जी खिलाड़ी का खुलासा

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अभी तक तो प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थियों के ही मामले सामने आ थे, लेकिन अब महाविद्यालयों एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फर्जी खिलाड़ियों के भाग लेने का मामला सामने आया है। अजमेर की महर्षि दयानंद सरस्वती यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 37वीं इंटर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दो धावक फर्जी पकड़े गए हैं।

स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव डॉक्टर दिग्विजय सिंह चौहान ने इस मामले की पूरी जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। प्रतियोगिता में टोंक के पन्नाधाय कॉलेज के एमए फाइनल के छात्र मांगीलाल गुर्जर ने अपनी जगह एक स्कूली छात्र को दौड़ाया। इसी तरह नागौर के एसबीआरएम गवर्नमेंट कॉलेज की छात्रा ने 100 मीटर दौड़ में अपना चेस्ट नंबर बदलकर हिस्सा लिया। टोंक के पन्नाधाय कॉलेज की महिला खिलाड़ी, जिसने अपनी गलती स्वीकार करने पर उसे प्रतियोगिता से डिसक्वालीफाई कर दिया गया।

खेल अधिकारी असगर अली और आयोजन सचिव नैनाराम जाजड़ा ने बताया कि इस तरह की घटनाएं इसलिए होती हैं क्योंकि राजस्थान के विभिन्न सरकारी विभागों और रेलवे में स्पोर्ट्स कोटे से होने वाली भर्तियों में स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट का लाभ मिलता है। इसके साथ ही बीपीएड और एमपीएड कोर्स में भी इन खेल प्रमाण पत्र का महत्व है। खेल अधिकारी और आयोजन सचिव ने बताया कि नियमों के अनुसार जांच पूरी होने पर अगर आरोप प्रमाणित पाए जाते हैं तो संबंधित कॉलेज और खिलाड़ी 1 से 3 साल के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं से बाहर किए जा सकते हैं।

## एमडीएस विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर प्रो. सोढाणी ने संभाला अतिरिक्त प्रभार

### कहा, मेरी प्रगति में विश्वविद्यालय का अहम योगदान रहा

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने एमडीएस विश्वविद्यालय में वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के कुलपति प्रो. कैलाश सोढ़ाणी को कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार के आदेश जारी किए। प्रो. सोढाणी ने बुधवार सुबह पदभार ग्रहण कर लिया। प्रो. सोढ़ाणी बुधवार सुबह एमडीएस विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। कुलपति ने अतिरिक्त कार्य भार संभालने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए बातचीत में कहा कि मेरा विश्वविद्यालय से पुराना नाता रहा है, यहां पर स्टाफ और विद्यार्थियों से अच्छे संबंध रहे हैं। यहां से उन्हें काफी सीखा है। जिसका लाभ उन्हें ट्राइबल वि.वि. बांसबाड़ा और कोटा विश्वविद्यालय को मिला है। उनकी प्राथमिका समय पर



परीक्षा करवाना और समय पर ही परीक्षा परिणाम जारी करना होगा। साथ ही विश्वविद्यालय में पदोन्नति को करवाना होगा।

मालूम हो कि प्रो. कैलाश सोढ़ाणी इससे पहले भी विश्वविद्यालय में 19 जुलाई 2014 से 18 जुलाई 2017 तक तीन वर्षों के लिए कुलपति रहे। इसके अलावा वे एक बार कुलपति पद का अतिरिक्त प्रभार भी संभाल चुके हैं। मदस विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, यहां के शिक्षक, अधिकारी और कर्मचारियों से वे भलीभांति परिचित हैं,ऐसे में उन्हें कामकाम संभालने में परेशानी नहीं होगी। विश्वविद्यालय में सर्च कमेटी का गठन अब तक पूरा नहीं हो पाया है। 4 अक्टूबर को आयोजित प्रबंध मंडल की बैठक में राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. जेपी सिंघल को चयन समिति के लिए मनोनीत किया गया था और उनका नाम राजभवन भेजा गया था। राज्य सरकार द्वारा भी एक नाम तय कर राजभवन को भेजा जा चुका है। अब राजभवन और यूजीसी से एक-एक नाम तय होने के बाद सर्च कमेटी का गठन होगा। इसके पश्चात कुलपति पद के लिए विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किए जा सकेंगे। राजभवन से आए आदेश के तहत विश्वविद्यालय में कुलपति पद पर नियमित नियुक्ति होने तक प्रो. सोढ़ाणी ही कार्यवाहक कुलपति का कार्यभार संभालेंगे।

## एनडीआरएफकी टीम ने गंभीरी नदी में की मॉक ड्रिल

**मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़।** शहर में बहने वाली गंभीरी नदी में बुधवार को बाढ़ सहित अन्य किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थितियों और आपदा से निपटने के लिए छठी एनडीआरएफ बड़ौदा गुजरात की टीम, सिविल डिफेंस, फायर, चिकित्सक सहित अन्य विभागों की संयुक्त टीमों ने एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया। गंभीरी नदी में पांच लोगों के फंसने की सूचना मिलने पर उन्हें बचाने के लिए रेस्क्यू अभियान किया गया। यह मॉक ड्रिल लगभग 2 घंटे तक चली। इसके बाद गुजरात से आई टीम ने चित्तौड़गढ़ सिविल डिफेंस की टीम को ट्रेनिंग भी दी। सिविल डिफेंस, नगर परिषद और फायर ब्रिगेड के पास उपलब्ध संसाधन की भी जांच की गई। असिस्टेंट कमांडेंट राकेश कुमार ने बताया कि मॉक ड्रिल को लेकर मंगलवार को प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक हुई



थी। उस दौरान गंभीरी नदी में मॉक ड्रिल करना तय किया गया। नदी में अचानक बाढ़ आने से पांच लोग नदी में फंसे हुए थे। इसकी सूचना मिलने पर एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस की टीम ने संयुक्त सर्चिंग ऑपरेशन करके सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर मौजूद चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। वहीं गंभीर लोगों को एंबुलेंस की मदद से पास के जिला चिकित्सालय भेजा गया। उपखंड अधिकारी बीनू देवल ने बताया कि शहर के बीच बह रही गंभीरी नदी में बाढ़ आने से शहरी क्षेत्र और उपखंड क्षेत्र में समस्या हो सकती है। ऐसे में अगर कोई हानि होती है तो जिला प्रशासन की ओर से क्या तैयारियां होंगी, उसकी जानकारी मिले इसलिए इस मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसी के साथ सबके संसाधनों की भी जांच हो गई। उपखंड अधिकारी देवल ने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए हमेशा मानसिक रूप से तैयार रहना चाहिए और आपदा से बचाव के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। लोगों को बताया गया कि बाढ़ आने पर घबराना नहीं चाहिए बल्कि ऐसे समय संयम बरतते हुए उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग करते हुए इस निपटने की कोशिश करें।

## बच्चों को बांटी ब्रेल लिपि कॉपियां

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** जैन मिलन आदिनाथ अजमेर सेवा एवं सहयोग के कार्यक्रमों में सहभागी बनकर अग्रणी संस्था रही है। भारतीय जैन मिलन के क्षेत्रीय अध्यक्ष वीर प्रकाश जैन ने बताया कि जैन मिलन आदिनाथ के द्वारा प्रगति नगर कोटडा स्थित अपना घर में दृष्टिबाधित छात्र-छात्राओं के बीच जाकर बच्चों से खुशियां बाटी । उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। बच्चों ने बहुत ही मधुर स्वर में सरस्वती वंदना की। संस्था के सदस्यों द्वारा बच्चों को ब्रेल लिपि कॉपियां का वितरण किया गया।

सेवा कार्यों की श्रृंखला में समाज के विशिष्ट जन द्वारा बच्चों को सेवाएं दी जा रही है बधिर विद्यालय वैशाली नगर एस्वामी कृष्णानंद जी महाराज के द्वारा संचालित लाडली घर दृष्टि बाधित कन्याएं एवं उड़ान संस्था के झुग्गी झोपड़ी के गरीब बच्चों को मिठाई वितरित कर प्रसन्नता हासिल की सेवा की अगली कड़ी में कल विमंदित व दिव्यांग बच्चों के साथ संस्था के वीर एवं वीरांगनाएं अपनी सेवाएं देंगे।

## 17 के बजाय 14 दिसंबर से की जाए अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं

### शीतकालीन अवकाश पर असर

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अर्द्धवार्षिक परीक्षा 17 से 27 दिसंबर तक आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर शिक्षक ने अपनी आपत्ति जाहिर की है और परीक्षा 14 दिसंबर से ही किए जाने का सुझाव दिया है। शिविरा पंचांग में 25 दिसम्बर से 5 जनवरी शीतकालीन अवकाश घोषित किया हुआ है। शीतकालीन अवकाश के दो दिवस अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं के कारण कम हो गए हैं। ऐसे में शिक्षक असमंजस की स्थिति में है कि अब शीतकालीन अवकाश किस दिनांक से होंगे।

क्या इन दो दिवसों को आगामी दिनों में बढ़ाया जाएगा अर्थात 5 जनवरी के आगे अवकाश किए जाएंगे या शीतकालीन अवकाश को कम कर दिया जाएगा, जबकि अभी तक शीतकालीन अवकाश के संशोधन के क्रम में माननीय निदेशक का कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि शिविरा पंचांग प्रतिवर्ष निदेशक महोदय द्वारा ही जारी किया जाता है और इसके आधार पर वर्ष भर कार्यक्रम संपादित होते हैं, ऐसे में निदेशक महोदय द्वारा जारी शिविरा पंचांग में घोषित अवकाश दिवस को परीक्षा आयोजित करने के लिए निर्धारित करना विचारणीय प्रश्न है। मामले में राधाकृष्णन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विजय सोनी का कहना है, उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षा विभाग 17 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली अर्द्धवार्षिक परीक्षा को 14 दिसम्बर से प्रारंभ करें, जिससे शीतकालीन अवकाश में किसी प्रकार की कटौती करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। शिविरा पंचांग में पहले से ही अर्द्धवार्षिक परीक्षा 12 से 24 दिसंबर तक पूर्व में घोषित है तो अब 27 तक का टाइम टेबल क्यों कर बनाया गया है।